प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से मिले नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन, सुनीं समस्याएं

By
Akshat Times - October 11, 2021 | 08

अटल क्रीड़ास्थल परिसर में लालजी टन्डन बहुउद्देशीय आन्तरिक क्रीडाहाल का लोकार्पण

लखनऊ : नगर विकास मंत्री आशुतोष टन्डन (गोपाल जी) ने रविवार 10 अक्टूबर को अपने विधानसभा क्षेत्र में नगरनिवासियों व प्रबुद्ध वर्ग के लोगों से मुलाकात की और उनकी जन-समस्याओं को सुनकर उसे दूर करने का आश्वासन भी दिया। इसके साथ ही पार्षद अरुन तिवारी की देख-रेख में निर्मित बहुउद्देशीय आन्तरिक क्रीडा हाल को मा.लाल जी टन्डन के नाम से समर्पित करने के उद्देश्य से "लाल जी टन्डन बहुउद्देशीय आन्तरिक क्रीडा हाल" का लोकार्पण भी कराया गया।

इस अवसर पर विराम खंड-5 जनकल्याण समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डा. भरत राज सिंह, संस्थापक मनीषा मंदिर, श्रीमती सरोजनी अग्रवाल, खण्ड प्रभारी, राकेश जैतली, रामायण सिंह, एस.एन.l पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, एन.के. वर्मा, संयुक्त आयुक्त, नगर विकास व विराम खण्ड-2 व 3 तथा विकास खंण्ड के तमाम प्रबुद्धवर्ग मौजूद रहे।

---

https://akshattimes.com/urban-development-minister-ashutosh-tandon-meets-enlightened-section-sonofa-problems/